# खाटू वाले तेरी दीवानी हो गई | by Nita Das

जबसे है लिया प्रभु नाम तेरा
तेरा नाम ही मेरी अब ज़ुबानी हो गई
ओ श्याम सलोने तेरी मैं दीवानी हो गई
ओ खाटू वाले तेरी मैं दीवानी हो गई

कृष्ण कन्हैया रास रचैया माखन चोर कन्हैया
जग के रखवाले तुम ही हो तुम ही जगत खिवैया
झूठी नगरी रिश्ते झूठे सारी दुनिया से मैं बेगानी हो गई
ओ श्याम सलोने तेरी मैं दीवानी हो गई
ओ खाटू वाले तेरी मैं दीवानी हो गई

जोगन बन गई प्यार में तेरे पागल बोले दुनिया
रोग प्रेम की लगी तुम्हारी तुम बिन दवा कोई ना
पागल कहते दुनिया वाले तेरे प्यार में मेरी बदनामी हो गई
ओ श्याम सलोने तेरी मैं दीवानी हो गई
ओ खाटू वाले तेरी मैं दीवानीहो गई

हाथ जोड़ कर तुम्हे मनाऊं हर पल शीश झुकाऊं
आँखों के बहते आंसू चरणों में भेंट चढ़ाऊँ
पिंटू है करे गुणगान तेरा नीता की यही अब कहानी हो गई
ओ श्याम सलोने तेरी मैं दीवानी हो गई
ओ खाटू वाले तेरी मैं दीवानी हो गई

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%97/